प्राचार्य का कार्यालय

राजकीय पोलिटेक्निक, कैमूर

सूचना सं० :– /कैमूर, दिनांक :–

आवश्यक सूचना

संस्थानान्तर्गत राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद्, बिहार, पटना के Academic Calendar 2023 के अनुपालन में वर्गाध्यापन समय–सारणी के अनुसार पठन–पाठन संचालित किया जा रहा है।

विभागीय निदेशानुसार छात्र–छात्राओं का उपस्थिति बॉयोमेट्रिक के माध्यम से सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक माह की उपस्थिति विभाग को प्रेषित की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि प्रत्येक माह छात्र–छात्राओं का बायोमेट्रीक उपस्थिति संस्थान से सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद्, बिहार, पटना को प्रेषित की जाती है जिसकी सूचना संस्थान के सभी छात्र–छात्राओं को पूर्व से है। विषयवार एवं बायोमेट्रिक में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर छात्र–छात्राओं के अभिभावकों को सूचित करना एवं परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रखने का निदेश पर्षद् द्वारा प्राप्त है। पर्षद् के दिशा–निर्देशों का अनुपालन नहीं करने वाले छात्र/छात्राओं का परीक्षा फॉर्म संस्थान से अग्रसारित नहीं किया जाएगा।

अतः संस्थान के सभी छात्र–छात्राओं को निदेशित किया जाता है कि वर्ग समय सारणी के अनुसार कक्षावार एवं बॉयोमेट्रिक में 75 प्रतिशत उपस्थिति का अनुपालन सूनिश्चित करें अन्यथा परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित होने पर वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

ह०/–

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेक्निक,
कैमूर

ज्ञापांक :– 173 /कैमूर, दिनांक :– 13/07/23

प्रतिलिपि :–

1. संस्थान के सभी कर्मियों तथा छात्र–छात्राओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ सूचना–पट्ट एवं वेब पोर्टल पर प्रेषित।
2. संस्थान के सभी प्रभारी विभागाध्यक्षों तथा व्याख्याताओं को अपने स्तर से भी छात्र–छात्राओं को सूचित करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ सूचना–पट्ट एवं वेब पोर्टल पर प्रेषित।
3. स्थापना शाखा, राजकीय पोलिटेक्निक, कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/07/2023

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेक्निक,
कैमूर

13/07/2023